हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 11 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 33 .7 डिग्री
न्यूनतम 13 .5 डिग्री

11 मानसून का मौसम आने से पहले पानी निकासी ...

12 यंगमार्ट डॉट इन वेबसाइट के खिलाफ स्वास्थ्य ...


### शहर में आज
- मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की बैठक सुबह 10 बजे
- आंबेडकर चौक पर सुबह 9 बजे रक्तदान शिविर
- बिजली कर्मचारियों की मांगों को लेकर बैठक

### बिजली कट
- सुबह 9:30 से 12:30 बजे तक

श्री नगर कॉलोनी, न्यू चिनोट कॉलोनी, गीता कॉलोनी
- सुबह 10 से 3 बजे तक

हरकी कॉलोनी, देव कॉलोनी
- सुबह 10 से 5 बजे तक

गांव सुनारिया, मायना, कन्हेली, पहरवार
- सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक

पटेल नगर, जवाहर नगर, गांधी कैम्प, डीएलएफ कॉलोनी, सर्कुलर रोड
- सुबह 10 से 5 बजे तक


झज्जर रोड, पावर हाउस, शीतल नगर, सुनारिया, कन्हैली, मायना, झज्जर रोड बाइपास, आनंद नगर, इंद्र नगर, रुपया चौक, दुर्गा बर्फ फैक्ट्री, एकता कॉलोनी, न्यू विजय नगर, अजीत कॉलोनी, विजय नगर, अमृत कॉलोनी

# रोहतक में 12 एकड़ का तालाब अचानक गायब, विस में भिड़े मंत्री-विधायक

## ▶▶ भू-माफिया व वक्फ बोर्ड की मिलीभगत ▶▶ महिपाल ढांडा और विधायक बत्तरा में विवाद बढ़ने पर सीएम को बीच में आना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है जिसकी गूंज विधानसभा सत्र में भी सुनाई दी। वक्फ बोर्ड और भूमाफिया की मिलीभगत से पीरबोधी में 12 एकड़ तालाब अचानक गायब हो गया। पीरबोधी में जो 12 एकड़ तालाब गायब हुआ है वहां रोहतक व आसपास के 12 गांवों का पानी जमा होता था। 125 साल पुराने और ऐतिहासिक तालाब को लेकर विधानसभा में मंत्री महिपाल ढांडा और रोहतक के विधायक भारत भूषण बत्तरा में विवाद इतना बढ़ गया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी को बीच में आना पड़ा। विधानसभा के प्रश्नकाल में भारत भूषण बतरा ने पीरबोधी तालाब का मुद्दा उठाया। भारत भूषण बत्तरा ने फोटो तक दिखाए और 125 साल से तालाब होने का दावा किया। इस दावे के बाद मंत्री महोदय तैश में आ गए। जब मंत्री जी ने इस मुद्दे को नकारने का प्रयास किया तो विधायक भारत भूषण बत्तरा ने कहा कि मंत्री महिपाल ढांडा की बात से दुख होता है जो ऐतिहासिक धरोहर के होने की बात को ही नकार रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पता चलता है कि पीरबोधी तालाब पर कब्जा सरकार के संरक्षण में किया जा रहा है।

पीरबोधी में तालाब


### अंग्रेजों के समय बनाया गया था तालाब
गोहाना रोड पर पीर बोधी तालाब करीब 120 साल पहले बनाया गया था। अंग्रेजों के समय जब अकाल पड़ा तब ग्रामीणों ने इसे बनाया था। इसके बाद अब बरसाती पानी को यहां छोड़ा जाता है, लेकिन भू-माफिया की इस जमीन पर नजर है और लगातार इस पर कब्जा हो रहा है। तालाब में मिट्टी डालकर इसे भर रहे हैं ताकि प्लाट काटे जा सके।

### वक्फ बोर्ड को 1991 में दी थी जमीनः भारत भूषण बत्तरा

विधायक भारत भूषण बत्तरा का कहना है कि यहां पर पीर बोधी की मजार होने के कारण 1991 में यह जमीन कांग्रेस ने वक्फ बोर्ड को दी थी। वक्फ बोर्ड ने इस जमीन को लीज पर दे दिया था। इसके बाद भू-माफिया ने इस जमीन पर कब्जा करना शुरू कर दिया। तालाब को भी मिट्टी भरकर बेहद सिकोड़ दिया गया है। तालाब की यह जमीन करीब 32.5 एकड़ थी, जिसमें से 12 एकड़ पर तालाब और बाकी पर कृषि होती थी। भू-माफिया व वक्फ बोर्ड की मिलीभगत के चलते अब यहां करीब 3 एकड़ जमीन ही बची है।

### भूपेंद्र हुड्डा ने सीएम को विजिट का न्योता दिया
विधानसभा में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दावा किया कि यहां 125 साल से पीरबोधी तालाब है। यह तालाब रोहतक का पानी निकालने के लिए बनाया था। भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि डीसी को 3 बार कहा कि पीरबोधी तालाब को मिट्टी डालकर भरने की कोशिश हो रही है, जिसके बाद तालाब में मिट्टी डालने का काम रोका गया। भूपेंद्र हुड्डा ने सीएम को साइट विजिट करने का न्योता दिया, जिसमें विधायक बीबी बतरा साथ रहेंगे।

## सर छोटूराम स्टेडियम परिसर से स्वच्छता अभियान का किया शुभारंभ

# रजवाहे पर अतिक्रमण को लेकर डीसी फील्ड में उतरे, निगम के अधिकारियों को लगाई फटकार

- वाटर चैनल व गंदे पानी की निकासी को करवाए सफाई
- सड़क के साथ डाली गई गाद को तुरंत उठवाया जाए
- वाटर चैनल पर लगाए गए सभी होर्डिंग, शेड हटाए जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सोनीपत रोड पर डीसी धीरेंद्र खड़गटा फील्ड में उतरे और पब्लिक हेल्थ के रजवाहे पर अतिक्रमण को लेकर नगर निगम के अधिकारियों को फटकार लगाई। साथ ही पब्लिक हेल्थ के अधिकारी मौके पर न होने के कारण फोन पर ही एसई को तुरंत अधिकारी भेजने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने पब्लिक हेल्थ के रजवाहे पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को लेकर मौके पर पहुंचे जेई को जमकर फटकार लगाई और कहा कि रजबाहे के ऊपर से अतिक्रमण को तुरंत हटवाएं। जो लोग सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करें, उनके खिलाफ कार्रवाई करें। रजवाहे के साफ सफाई करवाने के निर्देश भी दिए। बता दें कि सोमवार को सर छोटूराम स्टेडियम परिसर से विशेष स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करने के उपरांत सोनीपत रोड का उपायुक्त और विभिन्न अधिकारियों ने निरीक्षण किया। यह स्वच्छता अभियान चौ. सर छोटूराम स्टेडियम से शुरू होकर सेक्टर-2 स्थित हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कार्यालय पर संपन्न हुआ। इससे पूर्व धीरेंद्र खड़गटा ने स्वच्छता अभियान की ओर से नगर निगम के आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह, एडीसी नरेंद्र कुमार तथा नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नमिता सिंह के साथ सफाई कर्मियों को टी-शर्ट वितरित की।

निरीक्षण करते उपायुक्त


सम्मान


रोहतक। नालों का निरीक्षण करते डीसी धीरेंद्र खड़गटा, निगमायुक्त धर्मेंद्र सिंह व एडीसी एवं कर्मचारियों को सम्मानित करते उपायुक्त व नगर निगम आयुक्त।

### जनरेटर सेट छतों पर रखवाया जाए
धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि अवैध कब्जा करने वालों को स्वयं कब्जे हटाने के लिए एक मौका दिया जाए। सरकारी भूमि या निगम की भूमि पर जनरेटर सैट रखने वालों को नोटिस देकर उन्हें छतों पर रखवाया जाए। वाटर चैनल तथा नगर निगम के नाले पर लगाए गए सभी होर्डिंग, शैड को तुरंत हटाया जाए तथा इन पर किए गए अनाधिकृत कब्जों को हटाया जाए। वाटर चैनल से निकाली गई गाद को संबंधित विभाग द्वारा तुरंत उठवाया जाए।

### शहर को साफ-सुंदर बनाना अपनी जिम्मेदारी
उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि शहर को साफ व सुंदर बनाने के लिए नागरिक भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। नागरिक सड़कों या गलियों में कचरा न डाले। कचरे को निगम के कचरा एकत्रित करने वाले वाहनों में ही डाले। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा सफाई कर्मचारियों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए, जो सफाई के महत्वपूर्ण कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। उन्होंने कहा कि वाटर चैनल तथा गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले की सफाई करवाई जाए।

### पार्किंग जोन को करे चिन्हित
नगर निगम द्वारा शहर में चिन्हित किए गए स्ट्रीट वेंडिंग जोन में वेंडर्स को शिफ्ट करवाया जाए तथा पार्किंग जोन भी चिन्हित किए जाए। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे वाटर चैनल की अच्छे से सफाई करवाए तथा ब्लॉक हुए पाइप को खुलवाना सुनिश्चित करें ताकि जल घरों तक जल की पर्याप्त मात्रा पहुंच सके। नगर निगम द्वारा जल निकासी के लिए बनाए गए नालों की सफाई करवाई जाए। उन्होंने कहा कि सोनीपत रोड के दोनों तरफ से अवैध कब्जे हटवा जाए।

### सफाई अभियान में सहयोग है वांछित
नगर निगम आयुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि अकेला सफाई अभियान में केवल नगर निगम अपने दम पर पूर्ण सफलता हासिल नहीं कर सकता बल्कि इस महत्वपूर्ण कार्य में शहर के प्रत्येक नागरिक का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि नागरिक सफाई के कार्य को धर्म समझकर अपना योगदान दें ताकि शहर को प्रदेश का सबसे स्वच्छ व सुंदर शहर बना सके। नगर निगम द्वारा रूटीन में साफ-सफाई करवाई जाती है। सभी के सहयोग से शहर में सफाई के क्षेत्र में बदलाव लाने में सफलता हासिल होगी। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को आज के कार्यक्रम के मुख्यातिथि की संज्ञा देते हुए कहा कि सफाई कर्मचारी निरंतर शहर में साफ-सफाई कर महत्वपूर्ण कार्य कर रहे है।

### जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाएं
अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने शहर में सफाई के लिए एक प्रयास-एक साथ सफाई अभियान शुरू करने पर नगर निगम के अधिकारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अच्छे उद्देश्य के साथ शुरू किए गए कार्य के परिणाम भी हमेशा अच्छे ही होते ही। उन्होंने नागरिकों का आह्वन करते हुए कहा कि वे एक जिम्मेदार नागरिक होने के कर्तव्य का निर्वहन करते हुए यह सुनिश्चित करें कि सड़कों व गलियों में कचरा न डाले। अपने घरों से निकाले गए कचरे को नगर निगम के कचरा एकत्रित करने वाले वाहनों में ही डाले। उन्होंने सभी नागरिकों से एक प्रयास-एक साथ सफाई अभियान को सफल बनाने का आह्वन भी किया।

### नागरिक स्वच्छता को व्यवहार में करें शामिल
नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नमिता सिंह ने शहर निवासियों से अपील की कि वे स्वच्छता को अपने व्यवहार में शामिल करें। कभी भी सड़क या गलियों के किनारे कचरा न फेंके। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अरूण कुमार, नगर निगम के कार्यकारी अभियंता मनदीप धनखड़, लेखा अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, एनजीओ के प्रतिनिधि व सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।


रोहतक। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटोः हरिभूमि

# खैर की अवैध लकड़ियों से भरा ट्रक पकड़ा

## 26300 वजन की 2756 लकड़ियां बरामद

- चुलियाणा मोड़ के पास ट्रक को पुलिस ने पकड़ा, बहादुरगढ़ से आ रहे ट्रक में थी अवैध खैर की लकड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने खैर की अवैध लकड़ियों से भरे एक ट्रक को पकड़ने में कामयाबी हासिल की। यह ट्रक बहादुरगढ़ से रोहतक में आ रहा था, जिसे पुलिस ने चुलियाणा मोड़ पर पकड़ लिया। ट्रक 2756 खैर की लकड़ियों से भरा था। इन लकड़ियों का वजन 26300 किलो था, इस बारे में ड्राइवर कोई परमिट नहीं दिखा सका। एएसआई निकेश ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक ट्रक खैर की अवैध लकड़ियों से भरा हुआ है, जो बहादुरगढ़ की तरफ से रोहतक आ रहा है। इसके बाद पुलिस ने चुलियाणा मोड पर ट्रक को रुकवाया और ट्रक ड्राइवर से कागजात मांगे। ट्रक ड्राइवर कोई भी वैध कागजात पेश नहीं कर पाया। ट्रक ड्राइवर की पहचान अनवर खान निवासी गांव निंबोद जिला मंदसौर, मध्य प्रदेश व हेल्पर पंकेश पुरी निवासी गांव खात्याखेड़ी जिला मंदसौर, मध्य प्रदेश के रूप में हुई।

### राजस्थान नंबर का है ट्रक
एएसआई निकेश ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है और इस ट्रक राजस्थान नंबर का है। उन्होंने बताया कि दो आरोपियों को पकड़ा है और उनसे लकड़ियों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

### ट्रक ड्राइवर ने दिखाए फर्जी कागज
रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर सुभाष ने बताया कि खैर की अवैध लकड़ियों को लेकर जा रहे ट्रक ड्राइवर अनवर खान ने कुछ कागज दिखाए, लेकिन जब उनकी जांच की गई तो वह फर्जी पाए गए। ड्राइवर ने जो कागज दिखाए, उनके अंदर खैर की लकड़ियों की कोई रवाना रिपोर्ट नहीं थी। पुलिस ने कागजों को कब्जे में लिया और ड्राइवर से पूछताछ शुरू की।

### सीआईए-2 को सौंपा मामला
एएसआई निकेश ने बताया कि खैर की लकड़ियों से भरे ट्रक को पकड़ा गया था। ट्रक ड्राइवर व सहायक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। सांपला थाना पुलिस ने मामले में रिपोर्ट तैयार कर अधिकारियों को भेज दी थी। मामले में आगे की जांच सीआईए 2 से एसआई अश्वनी कुमार को सौंपी गई है। सीआईए 2 मामले में आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### खबर संक्षेप

### मदविः कई परीक्षाओं के परिणाम घोषित
**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2024 में आयोजित एमए-अंग्रेजी पंचवर्षीय के छठे सेमेस्टर की री-अपीयर, नौंवे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर तथा दसवें सेमेस्टर की री-अपीयर, एमए लोक प्रशासन पंचवर्षीय के पांचवें, सातवें व नौंवे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, एडवांस्ड पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन के प्रथम सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर तथा दूसरे सेमेस्टर की केवल री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।एसोसिएट कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### बोर्ड परीक्षाओं के लिए उड़नदस्ता टीम गठित
**रोहतक।** उपायुक्त ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा माध्यमिक, वरिष्ठ माध्यमिक (शैक्षिक, मुक्त विद्यालय) तथा डीएलएड प्रथम व द्वितीय वर्ष (रि-अपीयर) परीक्षा के दृष्टिगत जिले में स्थापित किए गए परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के लिए सहायक आयुक्त प्रशिक्षु अभिनव सिवाच के नेतृत्व में उड़लदस्ता टीम गठित की है। उड़नदस्ता टीम में कलानौर की खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता, फरमाणा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य शिव दयाल तथा मदीना स्थित डाइट में तैनात प्राध्यापक डॉ. सुनीता अहलावत बतौर सदस्य शामिल किए गए हैं।

### राजीव गांधी विद्युत भवन में सुनी जाएंगी शिकायतें
**रोहतक।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता मनिंद्र सिंह ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटान करने के उद्देश्य से स्थानीय राजीव गांधी विद्युत भवन स्थित सभागार में 11 मार्च को सुबह 11 बजे से 1:30 बजे तक उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम रोहतक सर्कल की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में उपभोक्ता 50 हजार रुपये से डेढ़ लाख रुपये तक बिजली बिल विवादों को रख सकते है।



### वकालत के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी
**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज (सीपीएएस), गुरुग्राम में 19वीं इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता आयोजन किया गया। सीपीएएस निदेशक प्रो. प्रदीप अहलावत ने प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए कहा कि मूट कोर्ट प्रतियोगिता विधि विभाग के विद्यार्थियों में तार्किक सोच, विश्लेषणात्मक क्षमता और न्यायालय में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उनके कानूनी करियर को मजबूत करेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि निकेश राज यादव, अध्यक्ष, जिला बार एसोसिएशन, गुरुग्राम, राहुल धनखड़ (सचिव), राहुल सांगवान (उपाध्यक्ष) और धर्मेंद्र चौधरी (संयुक्त सचिव) विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहा। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जगदीश दहिया (एक्सईएन), अरुण कुमार गोयल (तकनीकी सलाहकार) और विजय अहलावत (एसडीओ) भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने अनुभव के माध्यम से छात्रों को कानून और वकालत के क्षेत्र में आगे बढने की प्रेरणा दी।


पुलिस लाइन में योग करते पुलिस अधिकारी व जवान।

### पुलिस लाइन में जवानों ने किया योगा अभ्यास
**रोहतक।** पुलिस लाइन में जवानों द्वारा योगा अभ्यास किया गया। जवानों ने अलग-2 प्रकार के व्यायामों के अभ्यास किए। जवानों को ध्यान लगाने की क्रिया के बारे में भी अवगत कराया गया। जवानों को योग आसन का भी अभ्यास करवाया। सुबह की शुरुआत योग से करने बारे प्रेरित किया गया। योग से शरीर मजबूत और लचीला बनता है। जवानों को स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करने, संतुलित भोजन खाने व उचित नींद लेने व स्वस्थ रहने के उपायो बारे भी विस्तार से बताया। शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ मानसिक स्वास्थय का ध्यान रखे व रोजाना अपने लिए समय निकाल कसरत करने बारे सलाह दी। योग तनाव को कम करता है व बेहतर नींद देता है। योग दिमाग को शांत रखता है।

## मदविः भारत में आतिथ्य और पर्यटन शिक्षा अवसर और चुनौतियां पर डिस्कशन

# नवाचार इंडस्ट्री की मांग अनुरूप होः प्रो. सीतांशु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट में- भारत में आतिथ्य और पर्यटन शिक्षा अवसर और चुनौतियां विषय पर पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षाविदों और विशेषज्ञों ने देश में आतिथ्य और पर्यटन शिक्षा के उभरते परिदृश्य पर गहन विचार-विमर्श किया। इस पैनल डिस्कशन में अंबेडकर यूनिवर्सिटी, दिल्ली के स्कूल ऑफ वोकेशनल स्टडीज के डीन प्रो. सीतांशु शेखर जेना, आईएचटीएम, एमडीयू के निदेशक प्रो. आशीष दहिया, छत्रपति साहूजी महाराज यूनिवर्सिटी, कानपुर के स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट के निदेशक डॉ. सौरभ त्रिपाठी, आईएचएम, भोपाल के पूर्व निदेशक प्रो. आनंद कुमार सिंह तथा एफडीसी एवं चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज के निदेशक प्रो. संदीप मलिक शामिल हुए। आईएचटीएम निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने पर्यटन शिक्षा में एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया, जो स्थिरता और नवाचार को बढ़ावा देते हुए इंडस्ट्री की मांगों के अनुरूप हो। प्रो. सीतांशु शेखर जेना ने कौशल अंतर को पाटने में व्यावसायिक प्रशिक्षण की भूमिका पर प्रकाश डाला, जबकि प्रो. आनंद कुमार सिंह ने सरकारी नीतियों और पर्यटन और आतिथ्य संस्थानों पर उनके प्रभाव पर प्रकाश डाला।

प्रो. संदीप मलिक ने प्रतिभा प्रतिधारण, कौशल विकास और प्रतिबद्धताओं पर जोर दिया। डॉ. सौरभ त्रिपाठी ने कुंभ जैसे बड़े आयोजनों से आगंतुकों के अनुभव और आर्थिक लाभ को बढ़ाने के लिए पर्यटन विकास नीतियों और वैश्विक प्रचार रणनीतियों के बारे में बात की।



### उद्योग के लिए तैयार पेशेवरों को तैयार करें
पैनल डिस्कशन सत्र का संचालन आईएचटीएम के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संजीव कुमार ने किया। इस संवाद कार्यक्रम में आतिथ्य एवं पर्यटन शिक्षा के विभिन्न पहलुओं- पाठ्यक्रम नवाचार, कौशल विकास, इंडस्ट्री-एकेडमिया सहयोग, तकनीकी एकीकरण और भारत में आतिथ्य और पर्यटन शिक्षा को आकार देने वाले वैश्विक रुझानों जैसे प्रमुख पहलुओं को शामिल किया गया। उद्योग के लिए तैयार पेशेवरों को तैयार करने में शिक्षा क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों, डिजिटल परिवर्तन की भूमिका अहम है।

हरिभूमि

# सहेली

रंगोत्सव विशेष





होली सिर्फ रंगों का पर्व नहीं है, यह जीवन में उत्साह-उमंग और नई खुशियां भरने वाला, रिश्तों में स्नेह-प्रेम के रंग सजाने वाला पर्व भी है। स्त्रियों के लिए तो यह पर्व और भी ज्यादा महत्व रखता है, क्योंकि वे परिवार-समाज में मधुरता बनाए रखने में विश्वास करती हैं, इस लिहाज से उनके लिए होली का पर्व बहुत अच्छा अवसर है।

## होली लेकर आई खुशियों के रंग

आवरण कथा

सरस्वती रमेश

होली के रंगों में जीवन का उल्लास होता है, तरंग होती है। इसीलिए फाग के गीत भी होंठों पर अनायास आ जाते हैं। कानों में ढोल-मंजीरे की झंकार गूंजने लगती है, लोग थिरक उठते हैं। आंखों के आगे अबीर, गुलाल उड़ने लगता है। होली में तन-मन रंगों से भीगकर सतरंगा हो जाता है। हम सौभाग्यशाली हैं, जो हमारे पास रंगों का एक ऐसा अनोखा और प्यारा पर्व है। लेकिन बात वास्तव में तब बनेगी, जब ऐसे रंगमय, स्नेहमय, प्रेममय और संगीतमय त्योहार की रंगत को हम जीवन में उतारें। अपने घर-परिवार, रिश्ते-नाते सबको प्रेम के रंग में रंगकर दूसरों के साथ किसी प्रकार की कड़वाहटों और मनमुटाव को दूर करें। सबके प्रति सकारात्मक भाव रखें।

### स्त्री जीवन है विविध रंगों की रंगोली

देखा जाए तो स्त्रियों का जीवन विविध रंगों से बनी एक खूबसूरत रंगोली है। क्योंकि इनकी दुनिया रंगों के खूबसूरत मेल से ही बनती है। मायका, ससुराल, परिवार, मातृत्व, रिश्ते-नाते, आस-पड़ोस और सामाजिक जिम्मेदारियां, ये सब स्त्री-जीवन के इंद्रधनुष में सजे रंग ही तो हैं, जिसे वे जीती हैं। हर रंग की अपनी अहमियत है, भूमिका है, चमक है। कोई एक रंग भी फीका पड़ जाए तो स्त्रियों के जीवन के साथ ही, परिवार के हर सदस्य पर इसका प्रभाव पड़ता है। हर किसी के जीवन में कठिनाइयां और पीड़ाएं आती हैं। इसलिए स्त्री अपने जीवन के इंद्रधनुषीय रंगों को सहेजकर रखती है। हर हाल में उसकी चमक बनाए रखने की कोशिश करती है। फिर चाहे आर्थिक जिम्मेदारियों से जुड़ा स्वावलंबन का रंग हो या फिर घर के बड़े-बुजुर्गों की सेवा का रंग, स्त्री कभी पीछे नहीं हटती है। रंगों से मिलने वाली ऊष्मा को स्त्री स्वयं तो धारण करती ही है, अपने परिवार के सदस्यों को आपस में जुड़ने का मार्ग भी प्रशस्त करती चलती है।



### साथ का महत्व बताती है होली

होली का त्योहार हमारे जीवन में व्याप्त सारी कड़वाहटों को दूर करने के लिए आता है। यह पर्व हमें परिवार के साथ का असली महत्व बताता है। जब परिवार की सारी स्त्रियां, पुरुष और बच्चे मिलकर गुझिया, मिठाइयां, पापड़, नमकीन बनाते हैं। घर की स्त्रियां साथ मिलकर होली पूजन के लिए जाती हैं, एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए रंग-गुलाल लगाती हैं, तभी होली अपने असली मधुर रूप में दिखती है। इस तरह सबके साथ स्नेह-प्रेम के रंग में भीगने के बाद स्त्री-पुरुष हर कोई मन की सारी कड़वाहट भूल जाता है। परिवार, आस-पड़ोस में हुए मनमुटाव, तनातनी सब रंगों में धुल जाते हैं। जीवन की परेशानियों से मुकाबला करने के लिए हम नई ऊर्जा से सराबोर हो उठते हैं। हंसता-गाता मन, जीवन जीने के लिए हमारे भीतर नई उमंगें भर देता है। इसी को तो कहते हैं जीवन में विविध रंग भरने वाली होली, अपनेपन के अहसास से भरने वाली होली।



### कम न हो खुशियों की बौछार

होली के रंग जीवन में उजास भरते हैं। हम स्त्रियों का रंगों के इस उजास को जीवन में उतारना बहुत जरूरी है। कारण, वर्तमान समय में एक स्त्री की भूमिका बहुत विस्तृत हो चुकी है। इसलिए उसे तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में एक स्त्री के लिए अपने मन को सकारात्मक विचारों के रंग से सराबोर रखना, जीवन में उल्लास की रंगीन बौछारों की नमी बनाए रखना, परिवार में उमंग-तरंग बनाए रखना बहुत जरूरी है। जीवन में हर्ष और अपनों के बीच आत्मीयता का भरपूर रंग हो तो जीवन हंसी-खुशी कट जाता है, जिंदगी आसान हो जाती है। बाधाएं हमें आगे बढ़ने से रोक नहीं पातीं। ऐसे में खुशियों को सेलिब्रेट करने के मौके बार-बार आते हैं। परिवार के हर सदस्य का जीवन, तरह-तरह के रंगों में रंगकर खूबसूरत और जीवंत हो जाता है।

### खुशियों के रंग कभी न हों फीके

उड़ता गुलाल और रंगों में रंगे खिलखिलाते चेहरों को देखकर हर किसी का मन खुशी से झूम उठता है। अपनी रोज-रोज की नीरस दिनचर्या से ऊबी घर की स्त्रियां होली के बहाने ही सही, थोड़ी मस्ती, थोड़ा धमाल करके हंसी की फुहारों से तरोताजा हो जाती हैं। दरअसल, होली बचपन के खिलंदड़ेपन को फिर से जीने का अहसास है। यह अहसास मन में जीने की उमंग भरता है। तभी तो होली के रंग आज भी उतने ही चटख हैं, जितने पहले हुआ करते थे। होली का संदेश भी यही है कि हमारे जीवन में खुशियों के रंग कभी फीके न हों।

आइए, हम भी होली के अवसर पर प्रेम-स्नेह की रंगी फुहारों में भीगकर उमंगित-तरंगित हों, जीवन में नए रंग भरें। सबको होली की शुभकामनाएं...

## रंगों को समझें रंगों में उतरें

होली पर्व का निहितार्थ देखा जाए तो बहुत गहरा है। यह पर्व यही कहता है कि दूसरे के रंगों में रंगने के साथ उनको अपने रंग में भी रंगो। मतलब हम एक-दूसरे को आत्मसात करें, रंगों के बहाने अपने रिश्तों में प्रेम-स्नेह घोलें, प्रगाढ़ बनाएं। होली का पर्व हमें प्रकृति से भी जोड़कर हमारे जीवन में उत्साह-उमंग भरता है, ऊर्जावान बनाता है।

पर्व निहितार्थ

चेतना झा



***अंबर ने ओढ़ी है तन पर चादर नीली-नीली/ हरित धरित्री के आंगन में सरसों पीली-पीली/ सिंदूरी मंजरियों से है अंबा शीश सजाए/ रोलीमय संध्या ऊषा की चोली है/ तुम अपने रंग में रंग लो तो होली है।***

हरिवंश राय बच्चन की ये कितनी सारगर्भित पंक्तियां हैं। कभी अपने रंग को पहचानना तो कभी औरों के रंग में रंग जाना, कभी अपने रंग में सराबोर कर देना, जिंदगी की सार्थकता इसी में है। होली तो बहाना है, रंगों को समझने का, रंगों में उतरने का।

**प्राकृतिक रंगों का आनंद:** कभी काम का बहाना तो कभी समस्याओं का रोना, सच तो यह है कि सूर्योदय-सूर्यास्त के समय धरती-आसमान के सुंदर रंगों से हम अंजान हो रहते हैं। प्रकृति ने कितने खूबसूरत रंगों से सजा रखी है धरती। कहीं दूर तक नीला आसमान, तो कहीं पेड़ों की हरितिमा। पक्षियों के पंखों से फूलों की पंखुड़ियों तक कितने सुंदर और विलक्षण रंग हैं। पलाश-टेसू से ट्यूलिप-यलो एलडर तक। प्रकृति के कैनवस पर फैले इन रंगों को समझने, उस पर मुग्ध होने के लिए दौड़ती-भागती जिंदगी में कुछ पल ठिठकना जरूरी है। रंगों का त्योहार होली हमें यही संदेश देता है। इस साल हम कुछ इसी संकल्प के साथ मनाएं होली कि जिंदगी से प्रकृति के रंगों को दूर नहीं होने देंगे। अपनी जिंदगी में रंग बटोरेंगे तो अपनों की जिंदगी में भी रंग बिखेरेंगे। कभी थोड़ा ठहर कर किसी अनजान की उदास जिंदगी में भी चुटकी भर रंग भरने की कोशिश करेंगे हम। यकीनन ये रंग हमारी जिंदगी में सुकून बिखेरेंगे।



**समझें रंगों का अर्थ:** रंगों का हमारे दिलोदिमाग पर कितना असर पड़ता है, यह विज्ञान साबित कर चुका है। प्रकृति का हर रंग कुछ कहता ही नहीं, बहुत कुछ करता भी है। जैसे सफेद रंग को ही लें तो यह शांति की बात कहता है। अगर परिवेश में सफेद रंग की कमी होती है तो अशांति पसरती है। उसी तरह लाल रंग जोश-उमंग का रंग है। लाल वस्त्र पहने लोग आम लोगों की अपेक्षा खुद के भीतर अधिक जोश का आभास कराते हैं। रंगों के जानकारों का कहना है कि परिवेश में लाल रंग की कमी आलस्य और जड़ता को जन्म देती है। अगर आपको क्रोध अधिक आता है तो अपने कपड़ों, दीवारों के रंग, चादर, पर्दों के रंगों में नीला रखिए। रंग विशेषज्ञों का कहना है कि नीले रंग की कमी से क्रोध अधिक आता है। उपाय भी बताते हैं कि शांत जगह पर आंखें बंद कर बैठ जाएं और अनुभव करें कि चारों ओर नीलिमा फैली है। दूर तक फैले नीले आसमान को बंद आंखों से मुग्ध होकर निहारिए। यकीनन मन को शांति-सुकून मिलेगा।

**रिश्तों को करें तरोताजा:** जीवन में होली का महत्व कई रंगों से सजा है। यह उत्सव सामाजिक-पारिवारिक संबंधों को तरोताजा करने का एक खूबसूरत बहाना है। देखिए न, होली पकवानों को बनाने और अपनों को खिलाने का त्योहार है। मिलने-मिलाने का त्योहार है। निर्मल होकर दूसरों के रंग में रंगने और खुद के रंग से दूसरों को सराबोर कर देने का खूबसूरत मौका है। तो इस होली बचपन की तरह निर्मल होकर उत्सव मनाने का प्रयास करें। खाना-खिलाना तो अपनी जगह है, अबकी बचपन की तरह जी भर के रंग खेल कर देखिए। निराशा परे छटेगी। हताशा पर उमंग का रंग चढ़ेगा। यकीनन, आपके भीतर एक नई ऊर्जा भरेगी। रंग खेलने से केवल आपका शरीर ही रंगों से सराबोर नहीं होता, भीतर भी रंग हमारे आवेगों और मन को तरंगित करते हैं।

## तब रंगों से आपके बाल नहीं होंगे खराब

हेयर केयर

ललिता गोयल

होली पर रंगों से खेलने में मजा तो खूब आता है। लेकिन अगर सावधानी न बरती जाए तो रंग खेलने के बाद बालों से रंग छुड़ाने में बहुत परेशानी होती है। इससे बालों को बहुत नुकसान भी होता है। आजकल मार्केट में मिलने वाले रंग और गुलाल में कई केमिकल्स मौजूद होते हैं, जिससे बाल रूखे-बेजान हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि होली खेलने से पहले बालों की सही तरीके से केयर की जाए।

**प्रॉपर ऑयलिंग:** इस बात का ध्यान रखें कि होली पर रंग खेलते समय आपके बाल सूखे न रहें। दरअसल, मार्केट में मिलने वाले अधिकतर रंगों में केमिकल मिले होते हैं। ऐसे रंग अगर सूखे बालों में पड़ जाएं तो इससे वो कमजोर होने लगते हैं। इसलिए अपने बालों को नुकसान होने से बचाने के लिए सरसों, बादाम, जैतून या नारियल का तेल जरूर लगाएं। होली खेलने से एक घंटे पहले बालों में तेल लगाएं। इससे स्कैल्प के ऊपर एक प्रोटेक्टिव लेयर बन जाती है, बालों को पोषण मिलता है और स्कैल्प में कलर्स एब्जॉर्ब भी नहीं होते हैं। इससे रंग खेलने के बाद शैंपू करने पर आसानी से रंग निकल जाता है। बालों को खराब होने से बचाने के लिए तेल घर पर भी बनाया जा सकता है। यह तेल गुड़हल के फूल, नारियल तेल और लौंग को मिलाकर पकाकर बनाया जाता है। इस तेल से मसाज करने से बालों की कंडीशनिंग होती है, जड़ें मजबूत होती हैं।



**बांधकर रखें:** होली खेलते समय बालों को खुला ना छोड़ें। खुले बालों में रंग ज्यादा एब्जॉर्ब होता है, जिससे सिर की त्वचा पर एलर्जी हो सकती है।

**ढंककर रखें:** होली खेलने से पहले बालों को बांधने के साथ कैप लगा लें। स्कार्फ या दुपट्टे से भी बालों को ढंक सकती हैं। ऐसा करने से स्कैल्प डैमेज नहीं होगा और स्किन तक कलर नहीं पहुंचेगा। इससे बालों को एक्स्ट्रा प्रोटेक्शन भी मिलेगी।

होली पर रंग खेलने से पहले ही नहीं रंग खेलने के बाद भी बालों की देखभाल की जरूरत होती है।

**शैंपू-कंडीशनर लगाएं:** रंग, बालों को रूखा और बेजान करते हैं। इसके साथ ही केमिकल वाले रंग से सर की स्किन पर एलर्जी या ड्राइनेस हो सकती है। इससे बचने के पहले बालों को साफ पानी से अच्छी तरह धोएं और उसके बाद केमिकल फ्री शैंपू का इस्तेमाल करें। इससे ऊपरी परत से रंग हट जाएगा। इसके बाद शैंपू करें और फिर कंडीशनर लगाएं। इससे बालों में लगा रंग हट जाएगा। अगर सूखे रंगों से होली खेली है तो खेलने के बाद बालों को ब्रश कर लें।

**(हेयर एक्सपर्ट डॉ. महिमा से बातचीत पर आधारित)**

## होली के उमंग में डाइट का रखें ध्यान

डाइट सजेशन

डॉ. अदिति शर्मा
न्यूट्रिशनिस्ट-कोलंबिया एशिया हॉस्पिटल, एनसीआर

होली के अवसर पर तरह-तरह के व्यंजन खाए-खिलाए जाते हैं। लेकिन डाइट को लेकर कॉन्शस रहना जरूरी है। जरा सी लापरवाही से आप बीमार भी हो सकती हैं। किन बातों का रखें ध्यान, जानिए।

होली के मौके पर लोग खूब खाते-पीते हैं, खुशियां मनाते हैं। लेकिन इस दौरान खान-पान में होने वाली जरा-सी लापरवाही आपकी हेल्थ को बिगाड़ सकती है। ज्यादा मिर्च-मसाले और घी-तेल वाले व्यंजन खाने से एसिडिटी, फूड प्वॉइजनिंग, ब्लड शुगर और बीपी बढ़ने जैसी समस्याएं आमतौर पर देखी जाती हैं। इसलिए होली के अवसर पर यह बहुत जरूरी है कि खान-पान के मामले में आप पूरी सजगता बरतें और संतुलित आहार लें।

**तला-भुना और मीठा खाने से बचें:** होली के अवसर पर लोग गुझिया, पकौड़े, कचौरी, मिठाइयां और मैदे से बने व्यंजन खूब खाते हैं। इससे अपच, गैस, एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसकी वजह से कई बार कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ जाता है। अधिक मीठे के सेवन से शुगर लेवल भी बढ़ सकता है। इन समस्याओं से बचने के लिए ऐसी गरिष्ठ चीजों का सेवन संतुलित मात्रा में करें।

**देर तक खाली पेट न रहें:** त्योहार के दौरान काम की व्यस्तता की वजह से कई महिलाएं लंबे समय तक खाली पेट रहती हैं। इससे उन्हें गैस, एसिडिटी जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। ऐसी समस्याओं से बचने के लिए कुछ घंटे के अंतराल पर नट्स, ड्राई फ्रूट्स और भुने चने जैसे हेल्दी स्नैक्स खा सकती हैं। भुने मखाने का सेवन भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसलिए त्योहार के दौरान काम-काज के बीच जब भी हल्की भूख लगे, तो समय निकाल कर भुने मखाने का सेवन कर सकती हैं।



**पर्याप्त मात्रा में पीएं पानी:** होली के अवसर पर अधिकतर लोग तली-भुनी चीजें तो अधिक मात्रा में खाते हैं, पर उस अनुपात में पानी नहीं पीते हैं। इससे उनका शरीर डीहाइड्रेट हो जाता है। इस समस्या से बचने के लिए भरपूर मात्रा में पानी पीएं। पानी के अलावा आप जूस, छाछ, लस्सी, नीबू पानी जैसे तरल पदार्थ का सेवन भी कर सकती हैं। फलों का जूस भी पी सकती हैं।



**तेल-घी दोबारा न करें यूज:** त्योहार के अवसर पर कुछ भी डीप फ्राई करना हो तो उसके लिए कड़ाही में उतना ही तेल या घी डालें, जिससे तलने के बाद वो खत्म हो जाए। एक बार फ्राई के लिए यूज किए गए तेल को बार-बार गर्म करके उसका यूज करने से उसमें कार्बन मोनोऑक्साइड नामक गैस बनती है, जो सेहत के लिए नुकसानदायक होती है। इसलिए तेल या घी का दोबारा यूज न करें।

होली के दौरान खान-पान के मामले में अगर आप यहां बताई गई बातों का ध्यान रखेंगी तो आप और आपकी फैमिली को हेल्थ संबंधी कोई प्रॉब्लम नहीं होगी।

**प्रस्तुति: विनीता**

### इन बातों का रखें ध्यान

- त्योहार के दौरान बाजार में मिलावटी डिशेज भी मिलती हैं, जो सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक होती हैं। बाजार से रेडीमेड डिशेज खरीदने के बजाए, घर पर ही बनाएं।
- एल्कोहल, भांग जैसी नशीली चीजों से दूर रहें। इनके बजाए, लस्सी, ठंडाई, कांजी पिएं। ये पाचन के लिए भी फायदेमंद होते हैं।
- कई बार लोग लापरवाही में रंग लगे हाथों से खाना शुरू कर देते हैं। इससे फूड पॉइजनिंग का खतरा रहता है। ऐसी समस्या से बचने के लिए कुछ भी खाने से पहले अच्छी तरह हाथ धोना न भूलें।
- अगर आपने दिन में ज्यादा खा लिया है तो रात को सूप, सलाद और सैंडविच जैसी हल्की-फुल्की चीजों का ही सेवन करें।

भावनाएं


## पिया के संग पहली होली

शादी के बाद पिया के संग पहली होली का अहसास बहुत ही प्यारा होता है। अगर परिवार का भी साथ हो तो ये अहसास और ज्यादा प्यारे और मधुर हो जाते हैं। फिल्म एक्ट्रेस कियारा आडवाणी और अंकिता लोखंडे **सहेली** को बता रही हैं, शादी के बाद उनकी पहली होली कैसी रही? साथ ही यह भी बता रही हैं कि इस बार उनकी होली पर क्या स्पेशल प्लानिंग है?

### विक्की ने जब मुझे फूलों से बने रंगों से रंग दिया था : अंकिता लोखंडे



**शादी से** पहले मैं जितनी सीरियस रहती थी, विक्की से शादी होने के बाद उतनी ही मस्तीखोर हो गई हूं। अगर मैं कहूं कि फिल्मी अदाओं के साथ मस्ती-मजाक करती हूं तो कहना गलत नहीं होगा। मेरे पति विक्की ने मुझे इतना प्यार और सम्मान दिया कि मैं अपने आपको राजकुमारी समझती हूं। शादी के बाद पहली होली मैंने अपने ससुराल बिलासपुर में मनाई थी। वहां बहुत ही रीति-रिवाज के साथ होली का पर्व मनाया जाता है। उस वक्त मेरे लिए यह सब बहुत ही नया था, लेकिन मेरी सासू मां और ससुराल वालों ने मुझे इतना प्यार दिया कि मेरे लिए वह होली यादगार हो गई। खासतौर पर विक्की ने मुझे फूलों से बने रंगों से रंग दिया था। शादी के बाद पहली होली मैंने विक्की के साथ फुल रोमांटिक स्टाइल में मनाई थी, यह होली मेरे लिए सबसे यादगार रही। क्योंकि विक्की भी मुझसे बहुत प्यार करते हैं, इसलिए होली पर उन्होंने मुझे रंग लगाने और मेरे नखरे उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। आज भी हम लोग होली बहुत जोरदार ढंग से मनाते हैं। विक्की को पार्टी का बहुत शौक है। इसलिए वह हर होली पर स्पेशल पार्टी का अरेंजमेंट करते हैं, जिसमें हमारी फैमिली वाले और सारे दोस्त शामिल होते हैं। इस साल भी हम होली को धूमधाम से मनाएंगे। अबकी हम होली दो बार मनाएंगे, एक तो कलर्स के कुकिंग शो 'लाफ्टर शेफ' के सेट पर, दूसरी अपने घर पर।



### पूरे परिवार के साथ धूमधाम से मनाएंगे होली : कियारा आडवाणी



**होली का** त्योहार मेरे लिए किसी बड़े जश्न से कम नहीं है। फरवरी में हमारी शादी हुई थी। उसके अगले महीने ही मार्च में होली का त्योहार था, जो मैंने अपने ससुराल और पति के साथ मनाया था। होली की सुबह मैंने सबसे पहले सिद्धार्थ को रंग लगाया था, वह भी तब जब वह गहरी नींद में सो रहे थे। सिद्धार्थ ने उठने के बाद जब अपने चेहरे पर रंग लगा देखा तो उन्हें समझते देरी नहीं लगी कि यह रंग मैंने ही लगाया है। इसके बाद उन्होंने भी मुझे रंग दिया। उस दिन मैंने और सिद्धार्थ ने बहुत जमकर होली खेली थी। इस साल भी हम पूरे परिवार के साथ धूमधाम से होली मनाएंगे। मैं और सिद्धार्थ होली के मौके पर एक अच्छी पार्टी अरेंज करेंगे, जिसमें हमारे दोस्त और रिश्तेदार शामिल होंगे।



प्रस्तुति : आरती सक्सेना

## खबर संक्षेप



### नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दौरान सोमवार को सुबह के सत्र में स्वामी विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी की रोहतक शाखा की संचालक डॉ. सुनीता सहगल ने नशा मुक्ति व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए बच्चों को जागरूक किया। डॉ. मिथिलेश ने समाज के नवनिर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। शाम के सत्र में स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विभिन्न सामाजिक संदेश दिए। इस मौके पर डॉ. अनीता सिंह, डॉ .सुचेता यादव, डॉ. नवीन कुमार, सुमित कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### दो माह में अवैध हथियारों सहित 25 आरोपी पकड़े

**झज्जर।** जिला पुलिस द्वारा आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने को लेकर अवैध हथियार और अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन के निर्देशानुसार चलाए गए अभियान के तहत पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा पिछले दो माह के दौरान जिला के अलग-अलग स्थानों पर शस्त्र अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 18 मामले दर्ज करके 25 आरोपियों को अवैध हथियारों के सहित गिरफ्तार किया है। एक जनवरी से 28 फरवरी तक जिले के अलग-अलग स्थानों पर तैनात पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा अवैध हथियार 16 देशी पिस्टल, एक गन,32 जिंदा कारतूस के साथ 25 आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की गई।

# एलपीएस के संस्थापक सेठ विमल प्रसाद जैन को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एलपीएस बोसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन के पिता एलपीएस के संस्थापक स्व. सेठ बिमल प्रसाद जैन का 94वां जन्मदिन दिल्ली रोड स्थित बीपी जैन स्किल डेवलोपमेंट सेंटर में मनाया गया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी, महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी परमानंद महाराज, महामंडलेश्वर बाबा कर्णपुरी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी रघविन्द्र भारती, बाबा सुखा शाह, ब्रह्मकुमारी आश्रम से बहन रक्षा, एलपीएस बोसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन, समाज सेवी उद्योगपति विजय जैन, समाज सेवी उद्योगपति राज शर्मा, सुधीर जैन व परिवार के सदस्यों द्वारा स्व. सेठ बिमल प्रसाद जैन के प्रतिमा के समक्ष फूलों से बनी माला अर्पित की व दीपक जलाये। इस अवसर पर जैन धर्म के प्रथम तीर्थकर आदिनाथ भगवान की स्तुति की गई व नमोकार महामंत्र का जाप किया गया। बच्चों ने सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसके अलावा शहर में विभिन्न जगहों पर भंडारे लगाये गये और सामाजिक संस्थाओं व आश्रमों में रह रहे लोगों को एक समय का भोजन भी करवाया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर, आंखों की जांच का शिविर भी लगाया गया।इस अवसर पर रीटा जैन, दीपा जैन, संध्या जैन, समृद्धि जैन, उमा शर्मा, राज कुमार शर्मा, सिद्धार्थ जैन, अमित जैन, कर्ण राज शर्मा, कोमल शर्मा, याशिका जैन, चारू जैन, लवनया जैन, राजीव जैन, शैलेंद्र जैन, सिद्धार्थ जैन, बलजीत जैन, अनिल लोहिया, मधु जैन, अतुल जैन, अनिल जैन, सन्नी निझावन, नरेशानंद, सुभाष तायल, योगेश अरोड़ा, रमेश रोहिल्ला, शीतल सहित अन्य मौजूद रहे।

### बुजुर्ग माता-पिता की सेवा करें: राजेश जैन

एलपीएस बोसार्ड कंपनी के एमडी राजेश जैन ने बताया कि उनके पिता ने कई वर्ष पहले एलपीएस बोसार्ड कंपनी के नाम से एक पेड़ लगाया था, आज वह वट वृक्ष बन गया है। उन्होंने कहा कि हवाई जहाज हो या मेट्रो या फिर बुलट ट्रेन एलपीएस बोसार्ड कंपनी का कम्पोनेंट प्रयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि उनकी अच्छी सोच और अच्छे विचारों के कारण आज वह समाज सेवा के काम कर रहे हैं। हर व्यक्ति को अपने माता पिता व बुजुर्गों की सेवा करनी चाहिए। समाजसेवी व उद्योगपति राजकुमार शर्मा ने सेठ विमल प्रसाद जैन के जीवन पर प्रकाश प्रकाश डालते हुए कहा कि सेठ विमल प्रसाद की सोच ऊंची थी, वह समाज सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे।




### 15 मार्च से पहले टेंडर लगवाने का काम करें और जल्द से जल्द कार्य शुरू करवाएं

# मानसून का मौसम आने से पहले पानी निकासी के पुख्ता प्रबंध करें: उपायुक्त

उपायुक्त ने पंचायत विभाग और मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम, जन स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, विकास एवं पंचायत विभाग और मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश का मौसम आने से पहले अपने-अपने संबंधित बरसाती पानी की निकासी के नालों, सीवरेज लाइन और ड्रेन को दुरुस्त करें ताकि बारिश के दिनों में शहर और ग्रामीण क्षेत्र में जल भराव की स्थिति ना बने। उन्होंने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि वे खेतों में जमा होने वाले पानी के क्षेत्रों की पहचान करें ताकि वहां पर जरूरत के अनुरूप पंप सेट आदि लगाई जा सकें। उन्होंने बिजली निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय पर पंप सेट पर बिजली आपूर्ति मुहैया करवाना सुनिश्चित करें। यह बात सोमवार को डीआरडीए सभागार में जिला में बाढ़ नियंत्रण को लेकर संबंधित अधिकारियों को उपायुक्त ने जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी क्षेत्र में पाइप लाइन को दुरुस्त करने या अन्य किसी कार्य के लिए टेंडर लगवाए जाने हैं तो वे 15 मार्च से पहले पहले टेंडर लगवाने का काम करें और जल्द से जल्द कार्य को शुरू करवाएं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं अप्रैल माह के पहले सप्ताह में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में मौका निरीक्षण करेंगे। उन्होंने नगर निगम, जन स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों से उनके अधीन आने वाले जल भराव संभावित क्षेत्र के बारे में एक-एक कर बारीकी से जानकारी ली। उपायुक्त ने विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे गांवों में ओवरफ्लो होने वाले तालाबों की पहचान करें और वहां पर ट्रैक्टर पर आधारित पंप सेट लगवाने की समय रहते व्यवस्था करें। इसके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि ट्रैक्टर पंप सेट रखने वालों के अलावा ट्रेक्टर पंप सेट की मरम्मत करने वाले दुकानदारों की भी सूची तैयार करें ताकि जरूरत पड़ने पर उनको वहां ठीक करवाया जा सकें।इस दौरान नगर निगम आयुक्त धर्मेंद्र सिंह, सीईओ जिला परिषद प्रदीप कौशिक, एसडीएम महम दलबीर फौगाट, एसडीएम सांपला उत्सव कुमार, नगराधीश अंकित कुमार, जिला राजस्व अधिकारी कनब, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल आदि मौजूद रहे।



रोहतक। डीआरडीए सभागार में जिला में बाढ़ नियंत्रण को लेकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश देते उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ।

### शहर में यहां बनती है जलभराव की स्थिति

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि शहर में मुख्यतः छोटू राम चौक, सेक्टर-2 व 3, गुरु नानकपुरा, सोनीपत रोड-दिल्ली रोड, पुराना हाउसिंग बोर्ड, सेक्टर-14 एमडीयू गेट के सामने, किला रोड क्षेत्र, हिसार रोड क्षेत्र, सुखपुरा चौक, सिटी पार्क क्षेत्र, होली हर्ट अस्पताल से शीला बाइपास चौक, टीबी अस्पताल क्षेत्र आदि अनेक ऐसे क्षेत्र हैं जहां पर बारिश के दिनों में जल भराव की स्थिति बनती है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा यह बहुत ही चिंताजनक विषय है कि सामान्य दिनों में भी कई क्षेत्रों में सीवर लाइन जाम होने या बारिश के पानी निकासी के नालों की सफाई न होने की वजह से गलियों और सड़कों में पानी जमा हो जाता है, जिससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### सीवर लाइनें का निरीक्षण करें

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र के तहत आने वाले बरसाती पानी व सीवर लाइनें का निरीक्षण करें, जहां भी पाइपलाइन जाम है, उनको खुलवाने का काम करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की बारिश के दिनों में शहर में जल भराव की स्थिति नहीं बननी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे खेतों में जल भराव वाले क्षेत्रों में पंप सेट आदि लगवाने की जगह को चिन्हित करें ताकि वहां पर समय रहते पंप सेट लगवाए जा सकें। उन्होंने शहर में पीर बोधी लेक को भी दुरुस्त करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

# नगर निगम चुनाव बीजेपी जीतेगी : पवन खत्री

हरिभमि न्यूज ▶▶| सांपला



बीजेपी के महामंत्री पवन खत्री ने कहा कि नगर निगम व पालिका के सभी चुनाव बीजेपी जीतने जा रही है। उन्होंने कहा कि आज हर व्यक्ति समझ चुका की बीजेपी सरकार बिना किसी भेदभाव के गरीब किसान मजदूर व्यापारी सभी वर्गों के लिए काम कर रही है। पहले युवाओं को पर्ची खर्ची से नौकरियां मिलती थी आज शिक्षित वर्ग को उसकी योग्यता के अनुसार सरकारी नौकरी मिल रही है। प्रदेश में हर तरफ विकास कार्य चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 12 मार्च को नगर निगम के आने वाले नतीजे में सभी शहरी सरकार बीजेपी की बनेगी। उन्हें कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का प्रयास है कि पूरे प्रदेश में सम्मान विकास कार्य हो। इसलिए हर वर्ग सरकार से खुश है।



### धर्मवीर मायना के निधन पर शोक जताया

**रोहतक।** केवीएम शिक्षण संस्थान व जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक व कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता कर्मवीर मायना के बड़े भाई वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी धर्मवीर मायना के निधन पर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा, विधायक भारत भूषण बत्रा, पूर्व मंत्री कृष्णामूर्ति हुड्डा, पूर्व मेयर रेनू डाबला उनके निवास स्थान शिवाजी कॉलोनी शोक जताने पहुंचे। उन्होंने मायना परिवार को सांत्वना दी व स्व. चौ. धर्मवीर मायना की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य विशाल चौधरी, पूर्व डिप्टी मेयर बिजेंद्र सिंह हुड्डा, पूर्व पार्षद सूरजमल कलोई, सुरेंद्र पवांर, सुरेन्द्र बत्रा पूर्व पार्षद आदि ने भी शोक जताया।

# एप के माध्यम से ग्रामीण दे सकते हैं प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत बेघर, कच्चे और जर्जर मकानों में रह रहे परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध करवाने और वंचित परिवारों के लिए सर्वे का कार्य करवाया जा रहा है, यह कार्य 31 मार्च तक चलेगा। पात्र नागरिक ऑनलाइन माध्यम से आवास प्लस ऐप से अपने मकान की स्थिति दर्शा सकते हैं।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण भारत सरकार की एक बहुत ही विस्तृत ग्रामीण आवास योजना है, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बेघर, जर्जर एवं कच्चे मकानों में रह रहे परिवारों को नए मकान के निर्माण के लिए एक लाख 38 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत पात्र परिवारों के सर्वे का कार्य शुरू हो चुका है। इसके लिए एक ऐप भी है, जिसका जरूरतमंद लोग अपने घर बैठे ही लाभ उठा सकते हैं और अपने मकान की स्थिति के बारे में जानकारी दे सकते हैं। जिनके मकान कच्चे हैं, टूटे हुए हैं, दरारें आई हुई हैं, खुद का पक्का घर नहीं है, जर्जर हालत में हैं या जो वास्तव में आवास योजना के लिए जरूरतमंद हैं, उन सभी परिवारों का सर्वे करें ताकि वे इस योजना का लाभ उठा सकें। सर्वे के बाद आपका सर्वे ऑनलाइन सर्वेयर को भेजा जाएगा। गांव के लिए नियुक्त सरकारी सर्वेयर आपके घर का निरीक्षण करेगा। सत्यापन पूरा होने के बाद आवास योजना का लाभ दिया जाएगा।

### जरूरी बातों का रखना होगा ध्यान



एक मोबाइल से केवल एक ही सर्वे किया जा सकता है। सभी जानकारी सही-सही भरें, ताकि भविष्य में कोई समस्या न आए। लाभार्थी के पास नरेगा जॉब कार्ड होना अनिवार्य है। अब अपने गांव के जरूरतमंद परिवारों की मदद करें और सरकार की इस योजना का लाभ उठाएं।
**उपायुक्त, धीरेंद्र खड़गटा**

### इस प्रकार करें एप को डाउनलोड

सर्वे करने और पहचान सत्यापन के लिए ऐप्स डाउनलोड करें। सबसे पहले आवास प्लस 2024 ऐप और आधार फेस आरडी ऐप अपने फोन में डाउनलोड करें। आवास प्लस 2024 ऐप को खोलकर सेल्फ सर्वे विकल्प चुने। अपना आधार नंबर डाले और आगे बढ़े। इसके बाद ई-केवाईसी पूरा करें। अपनी सेल्फी लें और आंख झपकाएं ताकि ई-केवाईसी पूरी हो सके। अपनी लोकेशन चुनें, राज्य, जिला, तहसील और गांव का चयन करें। लाभार्थी की जानकारी भरें (सभी सदस्यों की जानकारी भरनी है), उस परिवार के मुखिया का आधार नंबर डालें जिसका सर्वे करना है। नरेगा जॉब कार्ड अनिवार्य है। अगर नहीं है, तो पहले बनवा लें। लाभार्थी और मकान की फोटो लें, लाभार्थी की आखिरी सेल्फी लें। मकान की दो तस्वीरें लें, जहां वह फिलहाल रह रहा है। जहां नया मकान बनना है। बैंक खाता विवरण भरें। लाभार्थी का बैंक खाता नंबर भरें।

### खुद करें सर्वे

सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत नए सर्वे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब कोई भी ग्रामीण अपने मोबाइल से स्वयं अपने घर का सर्वे कर सकता है और सरकार की इस योजना का लाभ उठा सकता है।



रोहतक। कोरड़ा मार होली खेलती छात्राएं। *फोटो :हरिभूमि*

### सूचना

मैं, कृष्णा पत्नी रामकिशन सिंह निवासी म.नं. G-63, गोहाना रोड, वन सिटी, सेक्टर 37, रोहतक, हरियाणा बयान करती हूं कि पहले मेरा नाम कृष्णा सिंह था और अब कृष्णा रखा गया है और यह मैंने अपने सभी दस्तावेजों में लिखवा लिया है।

SHORT AND LONG TERM NEW BATCHES
CUET DU/KU/IPU/MDU
IPM-IIMs (ROHTAK, INDORE, AMRITSAR, RANCHI, BANGALORE, JAMMU, BODHGAYA)
CAT-2025 IIMs
NDA
BBA
HM (HOTEL MANAGEMENT)
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak
M. 9254304337

# किसान जागरूकता शिविर का आयोजन

**रोहतक।** गांव मकडोली कला में वन विभाग द्वारा किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। हितेश डागर ने पर्यावरण संरक्षण एवं वन विभाग द्वारा संचालित हरियाणा सरकार की विभिन्न स्कीमों के बारे में बताया। इस मौके पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।



रस्म पगड़ी



स्वर्गीय श्री धर्मवीर मायना

आपको अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
श्री करमवीर मायना के बड़े भाई **स्वर्गीय श्री धर्मवीर मायना** का निधन
प्रातः 4 मार्च 2025, मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया।

तेरहवीं एवं रस्म पगड़ी
12 मार्च 2025, बुधवार | समय: प्रातः 10 बजे
स्थान : शिवाजी कॉलोनी 553/32 मायना हाउस, रोहतक

शोकाकुल परिवार

कर्मवीर मायना (भाई), विक्रांत मायना, विशाल चौधरी (भतीजा),
मोहित चौधरी (पुत्र), रुद्रवीर, करनवीर, वायुवीर (पोत्ते)

एवं समस्त मायना परिवार

Scan Location

